# लाख रुपए के ईनामी सहित 13 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार

❑ सुरक्षा बलों की बड़ी कार्यवाही, अलग-अलग थाना क्षेत्र से किये गये गिरफ्तार

बीजापुर । आरएनएस

जिले के थाना उसूर थाना तथा थाना बासागुड़ा क्षेत्र से कोबरा 201, 205, 206, 210 एवं केरिपु 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने एक लाख के एक ईनामी माओवादी सहित कुल 13 माओवादियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से विस्फोटक सामाग्री बरामद की गई है।

बता दें कि जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना उसूर , कोबरा 201, 205, 206, 210 एवं केरिपु 196 बटालियन की संयुक्त टीम टेकमेटला की ओर निकली थी। अभियान के दौरान संदिग्ध हालत में पुलिस पार्टी को देखकर छिपकर भागते हुए 07 संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम बामन माड़वी (गलगम आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) पिता भीमा उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला माडुलपारा थाना उसूर, सोढ़ी हिड़मा (मारूड़बाका आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर) पिता हड़मा उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला माडुलपारा थाना उसूर, बारसे अंदा (गलगम आरपीसी सीएनएम सदस्य) पिता बारसे देवा उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला माडुलपारा थाना उसूर, बारसे हड़मा (गलगम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता बारसे मुया उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला माडुलपारा थाना उसूर, देवेन्द्र रवा (गलगम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता भीमा उम्र 19 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला माडुलपारा थाना उसूर,इरपा अर्जुन (संघम सदस्य) पिता चन्दरू उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला माडुलपारा थाना उसूर,

सुक्का ओयाम (मारूड़बाका आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता मासा उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी भुसापुर स्कूलपारा थाना उसूर बताया। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से विस्फोटक, टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर आदि बरामद किया गया। उक्त सभी माओवादी दिनांक 29-11-2022 को नंबी से गलगम जाने के मार्ग पर छोटा नाला के पास ढ्ढश्वष्ठ विस्फोट करने की घटना में शामिल थे जिसमें केरिपु बल के 01 जवान को चोट आई थी।

इसी तरह थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत थाना बासागुड़ा एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम द्वारा पोलमपल्ली और टेकमेटला के जंगल से पुतकेल के ग्रामीण दिनेश पुजारी एवं मारूड़बाका पीडीएस दुकान के संचालक तिरूपति भण्डारी की हत्या में शामिल 06 माओवादियों पकड़े गय है। माओवादियों की पहचान कोसा ऊर्फ जागेश कुंजाम (गलगम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष) पिता कोसा उम्र 28 वर्ष निवासी टेकमेटला थाना उसूर जिला बीजापुर, कोसा माड़वी ऊर्फ बोल्ली (गलगम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता नन्दा उम्र 22 वर्ष निवासी टेकमेटला थाना उसूर जिला बीजापुर, बण्डी माडवी ऊर्फ राजेश (गलगम आरपीसी सीएनएम सदस्य) पिता देवा उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला थाना उसूर जिला बीजापुर, देवा मुचाकी (ग्राम टेकमेटला डीएकेएमएस उपाध्यक्ष) पिता कोसा मुचाकी उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी टेकमेटला थाना उसूर जिला बीजापुर, माड़वी जोगा पिता गुडरा उम्र 38 वर्ष निवासी निवासी टेकमेटला थाना उसूर जिला बीजापुर,तथा देवा मुचाकी (गलगम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता सुकड़ा उम्र 24 वर्ष निवासी टेकमेटला थाना उसूर जिला बीजापुर के रूप मे हुई है।



पकड़े गये उपरोक्त माओवादी थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 29.10.2024 को पुतकेल निवासी दिनेश पुजारी की हत्या में शामिल थे, दिनेश पुजारी को माओवादी विचारधारा के विरूद्ध जाते हुए मुखबिरी करने का आरोप लगाकर कर हत्या की गई थी एवं दिनांक 19/10/2024 को थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत मारूड़बाका पीडीएस दुकान के संचालक तिरूपति भण्डारी की हत्या में भी शामिल रहे है।

पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना उसूर एवं बासागुड़ा में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## 45 लाख की ईनामी महिला नक्सली को सुरक्षाबलों ने किया ढेर

❑ छग में 25 तो तेलंगाना सरकार ने रखा था 20 लाख का ईनाम

**दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)।** सुरक्षा बलों को आज फिर बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा में डीआरजी और बस्तर फाइटर्स ने 45 लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली गुम्माडिवेली रेणुका उर्फ भानु उर्फ चैते उर्फ सरस्वती उर्फ दमयंती को मुठभेड़ में मार गिराया। रेणुका पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 25 लाख और तेलंगाना सरकार ने 20 लाख का इनाम घोषित किया था। वह प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआई (माओवादी) की सेंट्रल रीजनल ब्यूरो (सीआरबी) प्रेस टीम इंचार्ज और प्रभात पत्रिका की संपादक थी। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सीमा से लगे नेलगोड़ा, इकेली और बेलनार गांवों के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच आज मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में महिला नक्सली गुम्माडिवेली रेणुका ढेर हो गई। घटना स्थल से जवानों ने एक इंसास रायफल, मैगजीन और गोला-बारूद लैपटॉप, नक्सली साहित्य विस्फोटक सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया है। 1996 में नक्सली संगठन में भर्ती हुई थी। 2003 में डीवीसीएम, 2006 में सीसीएम दुला दादा के साथ काम किया। 2020 में डीकेएसजेडसीएम बनाकर सीआरबी प्रेस टीम इंचार्ज बनाई गई। भाई जीवीके प्रसाद उर्फ सुखदेव ने 2014 में आत्मसमर्पण किया था। 2005 में उसकी शादी सीसीएम शंकामुरी अप्पाराव उर्फ रवि से हुई, जो 2010 में आंध्रप्रदेश के नलमल्ला मुठभेड़ में मारा गया। रेणुका नक्सली पत्रिकाओं प्रभात, महिला मार्गम, आवामी जंग, पीपुल्स मार्च आदि के प्रकाशन से जुड़ी थी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य में फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में अप्रैल के शुरुआती दिनों में फिर मौसम बदलने वाला है। 2 अप्रैल के बाद बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। इस वजह से कुछ क्षेत्रों में इसका असर देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दक्षिण छत्तीसगढ़ से तमिलनाडु तक ट्रफ (द्रोणिका) महाराष्ट्र और कर्नाटक तक सक्रिय है। इस सिस्टम के चलते प्रदेश के कुछ इलाकों में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि, तब तक प्रदेश में मौसम शुष्क ही बना रहेगा और दिन के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। पिछले दो दिनों से रायपुर सबसे गर्म बना हुआ है। रविवार को यहां तापमान 40.4 डिग्री रहा। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में पिछले 24 घंटे में तापमान में बदलाव देखा गया। कुछ जिलों में पारा चढ़ा तो कुछ में मामूली गिरावट भी दर्ज हुई।

### झाड़ियों में मिला नवजात शिशु

जशपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में झाडिय़ों में नवजात बच्ची मिली। झाडिय़ों से रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने बच्ची को निकाला। उसे चींटियों ने काटकर घायल कर दिया है। जन्म के तुरंत बाद बच्ची को फेंका गया है। बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, जन्म के तुरंत बाद किसी ने नवजात बच्ची को झाडिय़ों में फेंक दिया। उसे चींटियों ने काटकर घायल कर दिया है। रोने की आवाज सुनकर मुहल्लेवासियों ने उसे झाड़ी से बाहर निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची का इलाज चल रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उसकी जांच कर रही है।

## ग्राम बरपाली में शराब तस्करी पर पुसौर पुलिस की कार्यवाई, 8 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

माईनर एक्ट की कार्रवाई के तहत पुसौर पुलिस ने 30 मार्च 2025 को ग्राम बरपाली में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे को सूचना मिली थी कि ग्राम कोतमरा की ओर से एक युवक शराब तस्करी कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए एएसआई मनमोहन बैरागी के हमराह पुलिस टीम ने ग्राम बरपाली और कोतमरा के बीच स्थित गोठान के पास घेराबंदी की।



घेराबंदी के दौरान पुलिस ने एक संदेही युवक को पैदल शराब परिवहन करते पकड़ा, जिसके हाथ में एक थैला था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम यतीश कुमार यादव पिता प्रमोद यादव (26 वर्ष), निवासी कोतमरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक-एक लीटर और दो लीटर की प्लास्टिक की बोतलों में भरी कुल 08 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 1600 रुपये है। पुसौर पुलिस ने तत्काल प्रभाव से आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल वारंट जारी करने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## तालाब में डूबने से मासूम भाई बहन की हुई मौत गांव में पसरा मातम

बलरामपुर-रायपुर ।
आरएनएस

बलरामपुर रामानुजगंज तातापानी चौकी अंतर्गत रविवार के दोपहर हृदय विदारक घटना में गांव के तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई वहीं वहीं डूब रहे एक अन्य बच्ची को गांव के ही व्यक्ति के द्वारा बचाया गया घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया। बताया जा रहा था कि 4 बच्चे वहां खेलने गए थे इसी दौरान यह घटना घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नेहरू नगर के विश्वनाथ मिस्त्री की बेटी मानवी मिस्त्री उम्र 14 वर्ष एवं पुत्र मोहित मिस्त्री उम्र 9 वर्ष अपने दो अन्य साथी मासूम टिया एवं आनंदी मंडल के साथ गांव से सटे ग्राम सुभाष नगर के पुराने तालाब के पास दोपहर 2 बजे के करीब खेल रहे थे। इसी दौरान मानवी तालाब में गिरकर डूबने लगी तो उसका छोटा भाई मोहित बहन को डूबते देखा तो पानी में बचाने के लिए कूद पड़ा वही आनंदी मंडल एवं टिया भी बचाने के लिए पानी में कूदे इसके बाद सभी डूबने लगे तो टिया को मोहित के द्वारा ही निकाल लिया गया व टीया निकलते के साथ हल्ला करने लगी तो आनंदी मंडल को डूबता देख गांव के ही पप्पू तपाली ने तत्काल आनंदी मंडल को बाहर निकाला वहीं मोहित एवं मानवी तब तक डूब चुके थे। घटना की जैसे ही जानकारी गांव के लोगों को लगी तो देबू गोलदार सहित करीब 8 से 10 लोग पानी में बच्चों को खोजने के लिए कूदे जिसमें बच्चों के पिता भी थे बच्चों के पिता के द्वारा बच्चों को निकाला गया।घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया सूचना पर चौकी प्रभारी राधेश्याम विश्वकर्मा सहित पुलिस बल पहुंचा।

### भाई ने बहन को बचाने की की भरपूर कोशिश.....

मानवी जब डूबने लगी तो उसका 9 साल का मासूम भाई बहन को डूबता देख तत्काल पानी में कूद गया व बहन को बचाने की बहुत कोशिश की परंतु दोनों पानी में डूब गए जब बच्चों का शव निकाल गया तो दोनों एक दूसरे को पकड़े हुए थे जिससे पता चलता है कि दोनों एक दूसरे निकालने का पूरा प्रयास किए होंगे।



### मरने से पहले मासूम ने बचाया मासूम की जान......

मृतक मासूम मोहित अपनी बहन को बचाने के लिए तालाब में कूदा था वही तालाब में डूब रही टीया को पहले उसने बाहर निकाला परंतु उसके बाद अपनी बहन को बचाने के दौरान वह भी डूब गया।

### नहीं रुक रहे मां पिता के आंसू रो रो कर हो जा रहे है बेहोश.........

मासूम भाई बहन के आकस्मिक मौत से पूरा गांव सदमे में है वहीं मृतक भाई-बहन के मां पिता विश्वास नहीं कर पा रहे हैं जो बच्चे कुछ देर पहले घर खेलने के नाम पर निकले थे वह अब दुनिया में नहीं रहे।पिता के द्वारा ही अपने दोनों बच्चों को पानी से निकला गया माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल है उनके आंसू रुक नहीं रहे हैं वह बार-बार बेहोश हो जा रहे हैं।

## कलेक्टर और एसएसपी ने जिला जेल का किया आकस्मिक निरीक्षण

❑ बंदियों से बात करके उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली

❑ मोबाइल, नशीली पदार्थ और अवैध समान नहीं रखने की सख्त हिदायत दी गई

❑ भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

❑ जिस तारीख में बंदियों का पेशी है तो पूरी सुरक्षा के साथ ले जाने के निर्देश

❑ कलेक्टर और एस एस पी ने बंदियों को ईद और चैत्र नवरात्रि की दी शुभकामनाएं

जशपुर । आरएनएस






कलेक्टर रोहित व्यास और एस एस पी श्री शशि मोहन सिंह ने जिला जेल जशपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया और बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी बंदियों को ईद और नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपने बीच कलेक्टर और एस एस पी को पाकर बंदी खुश हुए कलेक्टर और एस एस पी ने सभी बैरक का निरीक्षण किया भोजन की गुणवत्ता , स्वास्थ्य सुविधाएं सी सी टी कैमरा और उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बंदियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन देने के भी निर्देश दिए हैं। और जिला जेल में पदस्थ डाक्टरों को बंदियों का बेहतर ईलाज करने के लिए कहा है। जिन बंदियों को गंभीर बीमारी है। उनका सुरक्षा के साथ बाहर अस्पताल में इलाज करवाने के भी निर्देश दिए हैं। वर्तमान में 413 बंदी है। इनमें 19 महिला बंदी भी शामिल है। कलेक्टर और एस एस पी ने सभी बंदियों से एक एक करके समस्याओं की जानकारी ली। और जेलर को उनकी समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए हैं।

एस एस पी श्री शशि मोहन सिंह ने बंदियों को कहा कि जीवन में सभी को बदलने का अवसर मिलता है। जेल अपनी गलतियों को सुधारने का अवसर देता है। क्यों आप लोग किसी के भाई ,पति ,बेटा हो अपने परिवार के बारे में सोचना ज़रूरी है। बंदियों को अवधि पूरी होने के बाद जेल से बाहर निकलने के बाद अपने में बदलाव लाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, तहसीलदार जशपुर श्रीमती जय श्री और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर और एस एस पी ने बंदियों को किसी भी प्रकार का मोबाइल,मादक पदार्थ, अवैध समान नहीं रखने की सख्त हिदायत दी गई है। और जेल परिसर में अनुशासन का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं।जिन बंदियों की पेशी की तारीफ रहती है। उस तारीख को पूरी सुरक्षा के साथ पेशी में ले जाने के भी निर्देश जेल अधीक्षक को दिए हैं। उन्होंने जिला जेल की दिवार को उंचा करने की आवश्यकता बताई और सी सी टी कैमरा का बैकअप बढ़ाने के लिए कहा है। और जिला जेल में वाच टावर की भी आवश्यकता बताया गया।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम के नाम पर ठगी, छात्रों और अभिभावकों को सतर्क रहने की अपील

रायपुर ।
आरएनएस



बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों और उनके अभिभावकों की चिंता अब परिणाम को लेकर बढ़ गई है, और इसी का फायदा उठाकर शातिर ठग कॉल कर रहे हैं। इन ठगों द्वारा परीक्षा में पास कराने के नाम पर छात्रों और अभिभावकों से पैसे की मांग की जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ लोग फर्जी कॉल के जरिए छात्रों और अभिभावकों से पैसे की मांग कर रहे हैं, यह कहकर कि वे परीक्षा परिणाम में सुधार या पास कराने में मदद करेंगे।

अधिकारियों ने सभी छात्रों और अभिभावकों को चेतावनी दी है कि ऐसे फोन कॉल के झांसे में न आएं। उन्होंने अपील की कि यदि कोई इस तरह का कॉल आए, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के फर्जी फोन कॉल्स का छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से कोई संबंध नहीं है, और अभिभावकों और छात्रों को सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि इस प्रकार की ठगी से बचा जा सके।

## जिला अस्पताल में मारपीट-तोड़फोड़ करना वाला आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा-रायपुर । आरएनएस



जिला अस्पताल कबीरधाम के ब्लड बैंक में कार्यरत कर्मचारी के साथ मारपीट एवं तोडफ़ोड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना कवर्धा में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 127/2025 धारा 296, 115(2), 351(3), 324(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी हरिश साहू, पिता सुदर्शन साहू, ग्राम खरबना कला, कवर्धा को हिरासत में लिया गया है तथा अन्य संभावित आरोपियों की पहचान कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल एक सेवा स्थल है, जहां मरीजों का उपचार किया जाता है, न कि उपद्रव फैलाने का स्थान। इस प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का दुस्साहस न करे। ब्लड बैंक में खून देने के लिए आओ, खून खराबा करने नहीं! अब एफआईआर दर्ज आगे कानून अपना काम करेगा! यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में संपन्न की गई। कबीरधाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी आपात स्थिति में कानून को हाथ में न लें एवं संयम बनाए रखें। कानून-व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## एएनटीएफ ने 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को दबोचा, 243.54 किलोग्राम गांजा जब्त

❑ जब्त गांजा की कीमत 36,53,100 रुपए के करीब

राजनांदगांव-रायपुर ।
आरएनएस




पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर पूरे जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 30-03-2025 को मुखबीर से सूचना मिलने पर कि एक चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओड़ीसा से तस्करी कर मध्यप्रदेश लेजा रहा है जो राजनांदगांव के बोरतलाव क्षेत्र से होकर गुजरेगा। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया जिसपर तत्काल मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में ए.एन. टी.एफ./सायबर सेल राजनांदगाव प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में सायबर सेल एवं थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं थाना स्टाफ की संयुक्त टीम गठित कर गवाहान को साथ लेकर थाना बोरतलाव क्षेत्र के बिरे पुलिया चांद-सूरज मेन रोड़ ग्राम बोरतलाव के पास नाकाबंदी पाइंट लगाया गया। कुछ समय पश्चात मुखबीर द्वारा बताये गये नंबर वाली एक चार पहिया वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 आते दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया जिस पर उक्त वाहन चालक द्वारा मौके पर रोक कर जंगल की ओर भागने लगे जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर दो लोगो को हिरासत में लिया गया जिन्होने अपना नाम (01) दिलावर अली पिता दरबार अली उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम झलमला, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, (छ.ग.), (02) संतोष पाल पिता रोमलाल उम्र 36 वर्ष, निवासी नक्टा मंदिर हसौद, थाना मंदिर हसौद, जिला रायपुर, (छ0ग0) का रहने वाला बताया, अन्य 01 आरोपी की पतातलास जारी है। पकड़े गये वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 को विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया। तलाशी पर दोनों संदेहियों के द्वारा अपने वाहन बोलेरो पीकप के ट्राली में खाली सब्जी कैरेटस के नीचे छुपाकर कुल 08 प्लास्टिक बोरी में संदिग्ध बंद पैकेट मिला। पैकेट के अंदर रखे संदिग्ध पदार्थ को गवाहों के समक्ष देखा एवं गंध से पेकट में भरा पदार्थ मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसकी पुष्टी दोनों आरोपियों एवं गवाहों द्वारा भी किया गया। बरामद गांजा को तौल करने पर उसका वजन कुल 243.54 किलोग्राम कीमती करीबन 36,53,100 रूपये का होना पाया गया आरोपी द्वारा गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 कीमती करीबन 5,00,000/- रूपय एवं 04 नग मोबाइल फोन कीमती 11,000/- रूपये जुमला जप्ती मसरूका 29,11,000/- रूपये होना पाया।

नाम आरोपी:-

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480